>

Title**:** Need to release funds from Central Roads Fund for proper repair and maintenance of roads intersecting N.H.-8 and linking Alwar, Rajasthan with Rewari, Haryana.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, राÂष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 के कसौला-चौक (गढ़ी बोलनी चौक) से गढ़ी बोलनी (हरियाणा), कोटकासिम-बीबीरानी होते हुए किशनगढ़ (अलवर) को जाने वाली सड़क पर बहुत अधिक यातायात है। हरियाणा के रिवाड़ी कस्बे को राजस्थान के अलवर शहर से जोड़ने वाली यह सड़क अत्यंत खराब स्थिति में है। मैं सड़क परिवहन मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि इस सम्पूर्ण सड़क को राजस्थान में चौड़ा व नवीनीकरण के लिए केन्द्रीय सड़क निधि से बजट आबंटित करे।